पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल श्री राम नाईक का हिमांचल के राज्यपाल ने राजभवन शिमला में गर्मजोशी से स्वागत किया</u>

<u>पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने श्री नाईक से भेट की</u>

लखनऊः 14 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक का स्वागत आज राजभवन शिमला में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने गर्मजोशी के साथ किया। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल श्री नाईक 14 मई से 22 मई, 2016 तक अवकाश पर अपनी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, पुत्री डॉ0 निशिगंधा के साथ राजभवन शिमला में रहेंगे।

श्री नाईक से हिमांचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रेम कुमार धूमल ने भी राजभवन आकर भेट की। उल्लेखनीय है कि श्री राम नाईक जब श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में पेट्रोलियम मंत्री थे और श्री धूमल हिमांचल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब 16 अगस्त, 2002 में पहाड़ी क्षेत्रों के लिए पांच किलो के छोटे गैस सिलेण्डर का शुभारम्भ हिमांचल प्रदेश में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया था, जिसमें श्री धूमल स्वयं उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (181/16)

सुस्वागतम
16 अगस्त 2002
माननीय मंत्री पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस
IndianOil
इण्डेन